चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका की ईएलएएयू डानकुनी इकाई ने किया 150वें रेल इंजन को रवाना

चित्तरंजन ,24.03.2025 ;

भारतीय रेल की अग्रणी विद्युत् रेल इंजन इकाई चिरेका की सहायक इकाई ईएलएएयू डानकुनी ने वित्त वर्ष 2024 -25 के 150 रेल इंजन का निर्माण कर सफलता का नया मुकाम हासिल किया है। श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक/चिरेका ने आज 24 मार्च को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) की इलेक्ट्रिकल लोको असेंबली और सहायक इकाई (ईएलएएयू) डानकुनी से उत्पादित 150वें रेल इंजन (WAG 9 HC 42476) को समारोह पूर्वक झंडी दिखाकर रवाना किया और इसे देश सेवा के लिए समर्पित किया गया। मौके पर विभागों के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष गण ,वरिष्ठ अधिकारी गण और कर्मचारीगण मौजूद थे।

इस अवसर पर श्री कुमार ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आप सभी के कार्य कुशलता के साथ कड़ी मेहनत और समर्पित प्रयास का परिणाम है। आगे भी यह ऐतिहासिक सफलता का सफर जारी रहे इसके लिए एकजुटता के साथ हम सभी को प्रयास जारी रहना चाहिए।

डानकुनी द्वारा यह अब तक का सर्वाधिक लोकोमोटिव उत्पादन उपलब्धि ऐतिहासिक गौरव का कीर्तिमान है जो चिरेका के 75वें गौरवशाली स्थापना वर्ष के उत्सव और भारतीय रेल के विद्युत कर्षण के 100 वर्ष पूरे होने के उत्सव का एक हिस्सा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष डनकुनी ने कुल 101 लोकोमोटिव का उत्पादन किया था, इस वर्ष 150 लोकोमोटिव का उत्पादन, इसकी स्थापना के बाद से किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक का ऐतिहासिक उच्चतम उत्पादन आंकड़ा है।

सेवा में,

समाचार संपादक

चिरेका के जन संपर्क विभाग द्वारा जारी।